दैनिक भास्कर 08/02/2024

जीएमएन कॉलेज में कॅरियर काउंसलिंग पर व्याख्यान

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में कॅरियर काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल ने स्नातक के बाद कॅरियर विकल्प विषय पर विशेष व्याख्यान किया। मुख्यवक्ता डेवलपमेंट एंड पंचायत डिपार्टमेंट से रामचंद्र पूनिया रहे जिन्हें 40 सालों का कॅरियर काउंसलिंग का अनुभव है। सेमिनार के संयोजक पब्लिक एड विभाग के डॉ. केके पुनिया ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सहज और सरल रूप में उनके ज्ञान में पारदर्शिता और भविष्य में नौकरी पाने के लिए उन्हें कॅरियर के विभिन्न विकल्पों के बारे में जागरूक करना है। मौके पर प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त, डॉ. नेहा, डॉ. अनुराधा, उपिंद्र कौर, डॉ. नेहा अग्रवाल, उदिता और जस्मिता मौजूद रहे।